बरेली, शुक्रवार
11 सितंबर, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

# दैनिक जागरण

**PAGE NO. IV: MIDDLE**




सिविल लाइंस स्थित एक होटल में कांफ्रेंस की जानकारी देते डाक्टर ● सौ एसआरएमएस

## कोलोप्रोक्टोलाजी कांफ्रेंस में 40 सर्जन साझा करेंगे अनुभव

बरेली : एसआरएमएस मेडिकल कालेज में दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलाजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशाप 12 और 13 सितंबर को आयोजित होगी। एसोसिएशन आफ सर्जन आफ इंडिया के बरेली चैप्टर के सहयोग और एसआरएमएस मेडिकल कालेज के जनरल, लेप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी विभाग की ओर से आयोजित कांफ्रेंस में 40 नामचीन सर्जन अनुभव और ज्ञान को साझा करेंगे। शल्य चिकित्सा से 20 मरीजों का निश्शुल्क उपचार होगा। बरेली के वरिष्ठ सर्जन डा. आइएस तोमर को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट और वरिष्ठ आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सक डा. लालता प्रसाद को विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। डा. अमित सिंह ने कहा कि बरेली और रुहेलखंड क्षेत्र में पहली बार कोलोप्रोक्टोलाजी कांफ्रेंस आयोजित हो रही है। इंटरनेशनल सोसायटी आफ कोलोप्रोक्टोलाजी के प्रेसिडेंट डा. एलडी लाडुकर, डा. नीरज गोयल, डा. प्रशांत रहाटे, डा. मधुकर पाई, डा. जितेन चौधरी, डा. कल्याण कार और डा. हरीश गौड़ा विशेष रूप से बरेली पहुंच रहे हैं। वि.

# हिन्दुस्तान

1936
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शुक्रवार
11 सितंबर 2026, भादपद कृष्ण पक्ष, अमावस्या, विक्रम सम्वत् 2083, बरेली

**PAGE NO. 5: BOTTOM**




एसआरएमएस मेडिकल कालेज में कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस कल से हुई प्रेस वार्ता।

## एसआरएमएस मेडिकल कालेज में कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस कल से

**बरेली।** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशाप 12 ओर 13 सितंबर को आयोजित की जा रही है।एसोसिएशन ऑफ सर्जन आफ इंडिया के बरेली चैप्टर के सहयोग और एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के जनरल, लेप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में देश के कई सर्जन अनुभव और ज्ञान साझा करेंगे।इस दौरान शल्य चिकित्सा के माध्यम से 20 मरीजों का निशुल्क उपचार भी किया जाएगा।